ध्रुव त्रिपाठी के लिए पंकज चौधरी ने मांगा समर्थन

महराजगंज (आज)। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी



ध्रुव कुमार त्रिपाठी के समर्थन में पार्टी ने चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को आयोजित बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने शिक्षकों, प्रधानाचार्यों और विद्यालय प्रबंधकों से संपर्क कर समर्थन जुटाने का आह्वान किया। उन्होंने मतदाता सूची के आधार पर प्रत्येक शिक्षक मतदाता से व्यक्तिगत संपर्क करने तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों से उन्हें अवगत कराने के निर्देश दिए। क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय और प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने भी बूथ एवं मंडल स्तर पर समन्वय बनाकर अभियान चलाने पर जोर दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने कहा कि कार्यकर्ता चुनाव अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं।बैठक में पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, सदर

♦ मतदाताओं से व्यक्तिगत संपर्क कर समर्थन जुटाने पर जोर, कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी

विधायक जय मंगल कन्नौजिया, पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह, चौधरी शिवेंद्र सिंह सहित पार्टी के पदाधिकारी, शिक्षक और विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष मौजूद रहे। संचालन जिला महामंत्री प्रभाकर द्विवेदी ने किया।

नाली के विवाद में भिड़े दो पक्ष, कई घायल

परतावल (आज)। महराजगंज जिले के पनियरा थाना क्षेत्र के हंसखोरी महुअवां गांव में नाली के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। घटना में अशोक कुमार समेत परिवार के कई लोगों के घायल होने का आरोप है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार, अशोक कुमार पुत्र स्वर्गीय पारसनाथ का अपने पट्टीदारों से नाली को लेकर विवाद हुआ। आरोप है कि 16 अक्टूबर को जयनाथ, रजनीश वर्मा, रवि वर्मा और प्रिंस वर्मा ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हमला कर दिया।बीच-बचाव करने पहुंचे अशोक के भाई अनिल तथा परिवार के अन्य सदस्य प्रियांशु, दीपू, राहुल और अर्चित के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप है। पीड़ित के मुताबिक, आरोपितों ने जान से मारने की धमकी भी दी। अशोक कुमार ने पनियरा थाने में प्रार्थना पत्र देकर मामले में उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

♦ लाठी-डंडे से हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप

तहसील दिवस पर सीडीओ और एएसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

आनंदनगर (आज)। फरेंदा तहसील सभागार में शनिवार को



तहसील दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी महराजगंज और अपर पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से जनसुनवाई की। इस दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में उपजिलाधिकारी फरेंदा, क्षेत्राधिकारी फरेंदा सहित पुलिस और राजस्व विभाग के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।सीडीओ और एएसपी ने निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का निस्तारण निष्पक्षता, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक देरी न हो और प्रत्येक मामले में नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अधिकारियों ने समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण समाधान पर जोर देते हुए पीड़ितों को समय से न्याय दिलाने के निर्देश दिए।

मांगों को लेकर आशा कार्यकत्रियों का धरना दसवें दिन भी जारी

सिंदुरिया । पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आशा कार्यकर्त्री एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की महराजगंज इकाई का



कार्य बहिष्कार और धरना-प्रदर्शन शनिवार को दसवें दिन भी जारी रहा। जिलाध्यक्ष जमीरुन निशा के नेतृत्व में मिठौरा ब्लॉक की आशा कार्यकर्ताओं और संगिनियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सीएचसी अधीक्षक डॉ. दयानंद सिंह को सौंपा।संगिनी संगीता देवी ने कहा कि आशा कार्यकर्त्रियां स्वास्थ्य योजनाओं, गर्भवती महिलाओं की देखभाल और टीकाकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, लेकिन उन्हें अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। संगठन संरक्षक रासबारे यादव ने भी समस्याओं के समाधान की मांग की।प्रमुख मांगों में राज्य कर्मचारी का दर्जा, न्यूनतम मजदूरी के अनुरूप निश्चित मानदेय, दस लाख रुपये का दुर्घटना बीमा, मृतक आश्रितों को नौकरी तथा समान वेतन और अधिकार शामिल हैं।जिलाध्यक्ष ने मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही। दशहरा पर्व पर 18 से 20 अक्टूबर तक धरना स्थगित रहेगा। 21 अक्टूबर से प्रदर्शन फिर शुरू होगा। इस दौरान प्रसव सेवाएं जारी रहेंगी।

महराजगंज में डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान 1 से 30 नवंबर तक

महराजगंज।वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि भारत सरकार के पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा 1 से 30 नवंबर 2026 तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र (DLC) अभियान चलाया जाएगा। जनपद के समस्त पेंशनभोगी इस अभियान के अंतर्गत अपना जीवन प्रमाण-पत्र जमा कर सकते हैं। इसके लिए पेंशन संवितरण अधिकारी कार्यालय, बैंक, डाकघर एवं सुविधा केंद्रों पर व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त पेंशनभोगी आधार फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से एंड्रॉयड मोबाइल पर घर बैठे भी जीवन प्रमाण-पत्र जमा कर सकते हैं। इसके लिए Aadhaar Face RD तथा Jeevan Pramaan एप डाउनलोड कर निर्धारित प्रक्रिया पूरी करनी होगी। सभी पेंशनभोगियों से अपील है कि निर्धारित अवधि में प्रमाण-पत्र जमा कर सुविधा का लाभ उठाएं।

अधिवक्ताओं के मौलिक अधिकारों के हनन पर रोक लगाने की मांग

महराजगंज आज। सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन महराजगंज ने अधिवक्ताओं के मौलिक एवं संवैधानिक अधिकारों के हनन के विरोध में राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर



न्यायपालिका से संबंधित एक आदेश की समीक्षा कराने की मांग की है। एसोसिएशन के महामंत्री प्रमोद कुमार त्रिपाठी एडवोकेट ने ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ता समाज की समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है।

ज्ञापन में कहा गया है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा फैजाबाद बार एसोसिएशन बनाम उत्तर प्रदेश बार काउंसिल एवं अन्य मामले में विशेष अनुमति अपील संख्या 19804-19805/2024 में पारित आदेश से प्रदेश के अधिवक्ताओं में असंतोष है। अधिवक्ताओं का मानना है कि हड़ताल पर रोक लगाने संबंधी आदेश उनके अधिकारों और हितों को प्रभावित करता है।ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि अधिवक्ताओं के विरोध और हड़ताल के अधिकार को सीमित करने से न्यायिक स्वतंत्रता तथा अधिवक्ता समुदाय की भूमिका प्रभावित हो सकती है। महामंत्री ने कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग हैं और उनके मौलिक अधिकारों की रक्षा आवश्यक है।एसोसिएशन ने राष्ट्रपति से मामले में हस्तक्षेप कर संबंधित आदेश की समीक्षा के लिए न्यायपालिका को निर्देशित करने की मांग की है। साथ ही अधिवक्ताओं के अधिकारों की सुरक्षा और न्यायिक व्यवस्था में संतुलन बनाए रखने पर जोर दिया है।

सीडीओ ने गोआश्रय स्थल का किया औचक निरीक्षण, 356 गोवंश संरक्षित

महराजगंज । मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह ने शनिवार को वृहद गोआश्रय स्थल मधुकर महादेवा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोवंशों के रखरखाव, चारा-भूसा, स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एजाज अहमद ने बताया कि आश्रय स्थल में 300 नंदी और 56 गायों समेत कुल 356 गोवंश संरक्षित हैं। इनके लिए 100 कुंतल भूसा उपलब्ध है, जबकि 200 कुंतल भूसा आरक्षित रखा गया है। इसके अलावा 10 कुंतल साइलेज और छह कुंतल पशु आहार भी मौजूद है। हरे चारे की नियमित आपूर्ति के लिए चार किसानों से अनुबंध किया गया है।सीडीओ ने पशुओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने और बीमार गोवंशों के लिए अलग सुरक्षित कक्ष बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नाद की गहराई कम कराने तथा चारा खाने में पशुओं को होने वाली असुविधा दूर करने को कहा।निरीक्षण में जिला विकास अधिकारी बीएन कन्नौजिया, खंड विकास अधिकारी अतुल कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

ब्यूटी पार्लर में लगी आग के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

श्यामदेउरवा। एसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध रोकथाम अभियान के तहत पुलिस ने आगजनी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष के नेतृत्व में चौकी प्रभारी परतावल चौकी इंचार्ज की टीम ने कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी गिरजेश सिंह उम्र करीब 43 वर्ष, निवासी मुण्डेरी चौबे, थाना कोठीभार जनपद महराजगंज, हाल पता छातीराम वार्ड नं0 12, थाना श्यामदेउरवा को शनिवार को ग्राम मुण्डेरी चौबे थाना कोठीभार से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में चौकी प्रभारी परतावल अनीश कुमार सिंह, कॉन्स्टेबल विकास यादव एवं संतोष प्रजापति मौजूद रहे।

मिशन शक्ति टीम की कार्रवाई, पीड़िताओं की शिकायतों का निस्तारण

श्यामदेउरवा। श्यामदेउरवा थाना परिसर में महिला उपनिरीक्षक साक्षी सिंह के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने पीड़ित महिलाओं की शिकायतों का निस्तारण कर फीडबैक लिया। टीम ने शिकायती प्रार्थना पत्रों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िताओं से बातचीत की और उनकी समस्याओं का समाधान किया। इस दौरान महिलाओं को सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक भी किया गया। साथ ही टीम ने पीड़िताओं के परिजनों को भी सम्मानित किया। पुलिस ने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि वे किसी भी तरह की छेड़छाड़ या उत्पीड़न की स्थिति में बेझिझक पुलिस से संपर्क करें। पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए हर समय तत्पर है।

नौनिया प्राथमिक स्कूल से सामान चोरी

ठूठीबारी । महराजगंज जिले के ठूठीबारी क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। चोर अब विद्यालयों को निशाना बना रहे हैं। ताजा मामला नौनिया प्राथमिक विद्यालय का है, जहां ताला तोड़कर चोर अनाज, बर्तन और म्यूजिक सिस्टम उठा ले गए। घटना की जानकारी मिलने पर विद्यालय में हड़कंप मच गया।क्षेत्र में विद्यालयों में चोरी की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भरवलिया और चटिया स्थित विद्यालयों में भी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पूर्व में हुई इन घटनाओं का अब तक खुलासा नहीं हो सका है।लगातार विद्यालयों में हो रही चोरी से शिक्षकों और ग्रामीणों में चिंता व्याप्त है। विद्यालयों में रखी आवश्यक सामग्री की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। वहीं, पुरानी घटनाओं का खुलासा नहीं होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और आरोपियों की पहचान कर चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है।

शिक्षक एमएलसी चुनाव में सपा सहप्रभारी ने किया जनसंपर्क

श्यामदेउरवा । गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी डॉ. संजयन त्रिपाठी के समर्थन में महराजगंज जिला सहप्रभारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष आमिर हुसैन ने शनिवार को जनसंपर्क अभियान चलाया।उन्होंने श्यामदेउरवा स्थित हैप्पी पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज सहित परतावल ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों, इंटर कॉलेजों और मदरसों का दौरा किया। इस दौरान प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों और शिक्षकों से मुलाकात कर डॉ. संजयन त्रिपाठी के पक्ष में मतदान की अपील की।जनसंपर्क के दौरान पुरानी पेंशन बहाली, सेवा सुरक्षा, पदोन्नति, स्थानांतरण और वेतन विसंगतियों जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। आमिर हुसैन ने कहा कि सपा शिक्षकों के हितों की लड़ाई लड़ती रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ. त्रिपाठी विधान परिषद में शिक्षकों की समस्याओं को मजबूती से उठाएंगे।इस दौरान जितेंद्र यादव, एसरार खान, राहुल मिश्रा, इम्तियाज खान, सतपाल यादव, जाकिर और कमालू सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विसवा विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क कर लोगों से मिले राजेन्द्र पटेल

महराजगंज ।317 सिसवा विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान राजेंद्र पटेल ने विभिन्न गांवों और चौराहों पर पहुंचकर लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों से संवाद कर उनकी बातें सुनीं और उनका स्नेह व आशीर्वाद प्राप्त किया।जनसंपर्क अभियान के तहत कटरा चौराहा, जिगनहवा, झरवली, मधवलिया, मैरी, बोदना और ओड़वलिया सहित विभिन्न स्थानों पर लोगों से संपर्क किया। इस दौरान उन्होंने माता रानी के पंडाल में पहुंचकर दर्शन-पूजन भी किया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।राजेंद्र पटेल ने कहा कि जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनना और अपेक्षाओं को समझना जनसेवा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि लोगों का स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव 2027 के लक्ष्य के साथ क्षेत्र में संपर्क जारी रखने की बात कही।

तहसील दिवस में पांच मामलों का मौके पर निस्तारण

झुलनीपुर (आज)। निचलौल तहसील में शनिवार को एसडीएम अवनीश त्रिपाठी की अध्यक्षता में



तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 42 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें पांच का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के समाधान में केवल कागजी कार्रवाई नहीं, बल्कि वास्तविक प्रगति दिखनी चाहिए। पुराने मामलों में लापरवाही या शिकायतों की पुनरावृत्ति होने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी।पुलिस क्षेत्राधिकारी रविंद्र कुमार सिंह ने कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न और विवाद संबंधी शिकायतों पर पुलिस तत्परता से कार्रवाई करेगी।इस मौके पर नायब तहसीलदार पीयूष जायसवाल, अंकुर सिद्धार्थ, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र राय और रेंजर सुनील कुमार राव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

रॉयल माउंट स्कूल में बच्चों ने खेला डांडिया

झुलनीपुर।तहसील क्षेत्र के भारत नेपाल बॉर्डर से लगे रॉयल माउंट स्कूल बहुआर कला में दशहरा और शारदीय- नवरात्रि के मौके पर विद्यालय परिसर में डांडिया कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें छोटे-छोटे बच्चों ने रंग बिरंगे कपड़े पहन कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने डांडिया की धुन पर नृत्य किया। जिसे देखकर दर्शक और अभिभावक काफी खुश हुए। बच्चों के तालमेल और प्रस्तुति से स्कूल परिसर तालिया से गूंज उठा। कार्यक्रम देखने बड़ी संख्या में आसपास के लोग भी पहुंचे और बच्चों का हौसला बढ़ाया। एमडी नरेंद्र पटेल ने कहा कि इस आयोजन का मकसद बच्चों में भारतीय संस्कृति और लोक कला के प्रति रूचि बढ़ाना है। डांडिया भारतीय संस्कृति का अहम हिस्सा है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों को अपनी विरासत जानने और हुनर सीखने का मौका देते हैं। हर साल अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम को विद्यालय की तरफ से पुरस्कार भी दिया जाता है।

गरबा डांडिया की धुन पर रंगोली और झांकियों ने मोहा मन

श्यामदेउरवा (आज)। परतावल ब्लॉक के धनहाँ नायक में स्तिथ जीडी



नेशनल स्कूल में शनिवार को डांडिया प्रोग्राम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर गरबा और डांडिया रास की मनमोहक प्रस्तुति दी। ढोल-नगाड़ों की थाप पर छात्राओं ने जमकर डांडिया खेला, जिससे पूरा विद्यालय परिसर भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक ई0 चंदन गुप्ता ने सभी छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों से कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों को हमारी भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ते हैं और उनमें एकता व उत्साह का संचार करते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी प्रतिभागी छात्राओं को बधाई दी गई।

विद्यालय में छात्राओं के डांडिया नृत्य ने मोहा मन, झूमे दर्शक

पुरैना (आज)।शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर शनिवार को श्री बजरंगी सिंह इंटर



कॉलेज में गरबा और डांडिया नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय की प्रतिभावान छात्राओं ने गुजरात के पारंपरिक लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी छात्राओं के नृत्य पर दर्शक झूम उठे।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अनुशासित ढंग से भाग लेकर उत्सव की रौनक बढ़ाई। छात्राओं की शानदार प्रस्तुति ने नवरात्रि के माहौल को भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में अमृता यादव, अंशिका गौड़, अंकिता, नंदिनी और अंशु वर्मा ने नेतृत्व करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक डॉ. राजेश सिंह, निदेशक ज्ञानेंद्र पाठक, प्रधानाचार्य सर्वेश प्रताप सिंह, वरिष्ठ पत्रकार अनुज कुमार तिवारी, रामकेवल यादव, वीरेंद्र तिवारी, हेमंत राव, विशाल प्रताप सिंह सहित शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने छात्राओं की प्रस्तुति की सराहना की।

मिशन शक्ति: मुक्ति तिवारी बनीं एक दिन की निचलौल थानाध्यक्ष

निचलौल (आज)। मिशन शक्ति फेज-6.0 अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं में आत्मविश्वास, जागरूकता और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से छात्रा मुक्ति तिवारी को एक दिन के लिए निचलौल थानाध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली को करीब से समझा।



महराजगंज जिले के बरहड़ा चरगहां निवासी प्रकाश चंद्र प्रकाश राम तिवारी की पुत्री मुक्ति तिवारी सरस्वती देवी महिला महाविद्यालय, टिकुलिया में बीएससी पांचवें सेमेस्टर की छात्रा हैं। एक दिन की थानाध्यक्ष की भूमिका में उन्हें पुलिस के कार्यों, जिम्मेदारियों और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की प्रक्रिया से परिचित होने का अवसर मिला।निचलौल थानाध्यक्ष योगेंद्र राय ने मुक्ति तिवारी को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं। वहीं, महाविद्यालय के प्राचार्य श्याम बिहारी अग्रवाल ने भी उन्हें जीवन में आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

मिशन शक्ति के तहत की गई यह पहल बेटियों में आत्मविश्वास बढ़ाने और उन्हें नेतृत्व के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में सराहनीय कदम है।

सैन्य इतिहास और युद्ध नायकों से कैडेटों ने ली प्रेरणा

सिसवा बाजार। परमहंस पाल पीजी कॉलेज, गुरली में 102 यूपी बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में आयोजित सीएटीसी-169 संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में शनिवार को कैडेटों ने शारीरिक प्रशिक्षण, हथियार ड्रिल और सैन्य इतिहास से जुड़ी गतिविधियों में भाग लिया।शिविर की शुरुआत पीटी से हुई। इसके बाद कैडेटों को हथियार ड्रिल के माध्यम से सैन्य अनुशासन, एकाग्रता और आदेशों के पालन का प्रशिक्षण दिया गया। सैन्य इतिहास पर आयोजित विशेष कक्षा में भारतीय सेना के गौरवशाली इतिहास, प्रमुख युद्धों और देश की रक्षा में सैनिकों के योगदान की जानकारी दी गई।इन गतिविधियों से कैडेटों को देश की संप्रभुता और सुरक्षा के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने का अवसर मिला। इसके बाद कैडेटों ने शिविर के समापन समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियों में हिस्सा लिया। इस दौरान टीम भावना, रचनात्मकता और सामूहिक सहयोग को बढ़ावा दिया गया।

एक दिन की प्रतीकात्मक सभासद बनीं छात्रा सिमरन वर्मा

नौतनवा, महराजगंज। मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने और नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आदर्श जूनियर हाईस्कूल, नौतनवा की कक्षा आठ की छात्रा कुमारी सिमरन वर्मा को एक दिन के लिए प्रतीकात्मक सभासद बनाया गया। सभासद अनुज राय के कार्यालय में आयोजित इस पहल के दौरान सिमरन ने जनप्रतिनिधि की भूमिका निभाते हुए लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं।इस दौरान सिमरन ने वार्ड की साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर समस्याओं के शीघ्र समाधान का आग्रह किया। इस पहल से छात्रा को जनसमस्याओं को करीब से समझने और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारियों का अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिला।विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय जायसवाल ने सिमरन की इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसे बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को उचित अवसर और प्रोत्साहन मिलने से उनमें आत्मविश्वास, सामाजिक जागरूकता और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है।मिशन शक्ति के तहत इस प्रकार की पहल बालिकाओं को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने के साथ ही उन्हें भविष्य में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करती है।



आशा और संगिनियों ने मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

सिसवा आज। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल में आशा कार्यकर्ताओं और आशा संगिनियों ने मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान महिलाओं ने हाथ उठाकर अपनी एकजुटता दिखाई और सरकार से मांगें पूरी करने की अपील की।प्रदर्शन स्थल पर लगाए गए बैनर पर 'इंसेंटिव नहीं, मानदेय चाहिए' का नारा प्रमुखता से लिखा गया था। प्रदर्शन में शामिल आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे लंबे समय से स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं, लेकिन उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया जा रहा है।आशा कार्यकर्ताओं ने 21 हजार रुपये और आशा संगिनियों ने 26 हजार रुपये मासिक मानदेय देने की मांग उठाई। इसके साथ ही राज्य कर्मचारी का दर्जा देने की मांग भी की गई।कार्यकर्ताओं का कहना है कि उनकी मांगों को अनसुना किया गया तो वे आंदोलन को और तेज करने के अपील की।



लिए मजबूर होंगी। उन्होंने सरकार से जल्द सकारात्मक निर्णय लेने की

बच्चों ने धूमधाम से मनाया दशहरा का उत्सव

निचलौल ।नगर निचलौल स्थित सैक्रेड हार्ट स्कूल में बच्चों ने धूमधाम से मनाया दशहरा का पावन उत्सव इस दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा गरबा की मनमोहक प्रस्तुति की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सेक्रेटरी आनंद कुमार त्रिपाठी द्वारा नवदुर्गा के पूजन अर्चन से शुरू किया गया। जय अम्बे गौरी .... से आरती के शुभारंभ के साथ कार्यक्रम का शुरुआत भी किया गया।बच्चों द्वारा मनमोहक गरबा नृत्य बहुत ही मनमोहक व आकर्षक रहा।मनमोहक प्रस्तुति के साथ बच्चों ने पूरे विद्यालय परिसर को भक्तिमय कर दिया।पूरे कार्यक्रम को सफलता पूरक संयोजित करने में शिक्षिका प्रजिला मनु, जया भट्ट,व व्यायाम शिक्षक दुर्गेश चौरसिया का योगदान प्रमुख रहा।विद्यालय के प्रधानाचार्य ए.ब्रिटो व प्रबंधक जीएन त्रिपाठी ने सभी बच्चों को दशहरा के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी व इस तरह के आयोजन को सफलता पूरक संयोजित करने वाले शिक्षकों को बधाई व शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के कोऑर्डिनेटर प्रदीप कुमार पाण्डेय ने की।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक , शिक्षिकाएं व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।